

जब संदेह हो, तब वारेन बफेट (Warren Buffett) के 'रूल ऑफ़ थम्ब' (व्यावहारिक या कामचलाऊ तरीका) को याद करें:

*"... मैं चाहता हूँ कि कर्मचारी स्वयं से पूछें कि क्या वे चाहते हैं कि अगले दिन स्थानीय समाचार-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर उनका कोई सुविचारित कार्य छपा दिखाई दे - जिसे वे अपने पति/पत्नी, बच्चे और मित्रों के साथ पढ़ें - और जिसकी रिपोर्टिंग किसी जानकार और महत्वपूर्ण रिपोर्टर द्वारा की गई हो।"*

## CTB के बुनियादी मूल्य

**सभी चीज़ों में ईमानदारी**
**लाभप्रदता अनिवार्य है**
**लोग अंतर लाते हैं**
**ग्राहक की ही वजह से हम अस्तित्व में हैं**
**हमारे द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों में उत्कृष्टता**

### ग़ैर-कानूनी या अनैतिक आचरण को रिपोर्ट करने के तरीके:

1. अपने सुपरवाइज़र या प्रबंधन के किसी अन्य सदस्य से बात करें।

2. CTB से 574-658-4191 पर संपर्क करें, और मानव संसाधन के निदेशक या विधिक विभाग से बात करें। आप विधिक विभाग से legal@ctbinc.com पर ई-मेल के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं।

3. जहाँ आप उपर्युक्त रिपोर्टिंग के तरीकों का प्रयोग करने में असमर्थ हों या असहज महसूस करते हों, वहाँ वैश्विक अनुपालन (Global Compliance) से 800-261-8651 (यू.एस. और कनाडा) या +001 704 752 9679 पर (अन्य सभी देशों में) फ़ोन करके या www.brk-hotline.com पर ऑनलाइन संपर्क करें।

**CTB, INC.**
A Berkshire Hathaway Company
611 North Higbee Street
P.O. Box 2000
Milford, Indiana 46542-2000 U.S.A.
फ़ोन 574-658-4191 • फैक्स 574-658-8000
ई-मेल: legal@ctbinc.com • वेब: www.ctbinc.com

CTB-1848/201306-HI

एक बर्कशायर हैथवे कंपनी (A BERKSHIRE HATHAWAY COMPANY)

# नैतिकता और व्यावसायिक आचरण के लिए CTB पॉकेट गाइड



- सभी चीज़ों में ईमानदारी
- आपसे क्या अपेक्षा की जाती है
- ग़ैर-कानूनी या अनैतिक आचरण को कैसे रिपोर्ट करें

## सभी चीज़ों में ईमानदारी

CTB ("व्यक्तियों") के साथ व्यवसाय कर रहे सभी CTB के कर्मचारीगण और तृतीय पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे उच्चतम कानूनी, नैतिक और सदाचारी मानदंडों (आदर्शों) के अनुरूप आचरण करें। इन मानदंडों को सभी स्थानीय, राज्य संबंधी, राष्ट्रीय और विदेशी कानूनों का पालन करने की आवश्यकता होती है जो CTB के व्यवसाय पर लागू होते हैं, साथ ही साथ सभी CTB नीतियों और कार्यविधियों का पालन करना होता है।

यह पैम्फ़लेट (पर्चा) CTB के व्यावसायिक आचार और नैतिकता संहिता ("संहिता") में अधिक विस्तार के साथ वर्णित की गई नीतियों के लिए एक संक्षिप्त संदर्भ गाइड (मार्गदर्शिका) की भूमिका निभाता है। यह पैम्फ़लेट (पर्चा) संहिता की जगह नहीं लेता, और व्यक्तियों का यह दायित्व है कि वे संहिता से अवगत हों और CTB के उन मूल्यों, आचरण के मानदंडों और नीति तथा दिशानिर्देशों को बढ़ावा दें जो उनके रोज़गार संबंधी दायित्वों को प्रभावित करते हैं। संहिता की प्रतियाँ हमारी वेबसाइट पर या CTB के मानव संसाधन विभाग के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

यदि किसी व्यक्ति के पास ग़ैर-कानूनी या अनैतिक व्यवहार संबंधी कोई जानकारी है, तो यह उसका दायित्व है कि वह इस जानकारी को तत्काल रिपोर्ट करे।



## आपसे क्या अपेक्षा की जाती है

यदि कोई व्यक्ति संहिता का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो वह अनुशासनिक कार्रवाई किए जाने का पात्र होता है, जिसमें बर्ख़ास्तगी, अनुबंध की समाप्ति और/या (जहाँ उपयुक्त हो, वहाँ) CTB और/या सरकारी या अन्य संस्थाओं द्वारा कानूनी अभियोजन तक हो सकता है और शामिल हो सकता है।

निम्नलिखित आचरण ***निषेधित*** है:

- CTB की सम्पत्ति पर शराब (अल्कोहल) और/या ग़ैर-कानूनी नशीली दवाओं (ड्रग्स) के प्रभाव में होना, उनका प्रयोग करना और/या उन्हें अपने पास रखना।
- CTB की सम्पत्ति की चोरी, धोखाधड़ी, गबन, दुरुपयोग तथा/अथवा रूपांतरण।
- घूसखोरी।
- दस्तावेज़ों की जालसाज़ी।
- दस्तावेज़ों को नष्ट करना (सिवाय वहाँ, जहाँ CTB नीति द्वारा अधिकृत हो)।
- गोपनीय सूचना का प्रकटीकरण (सिवाय वहाँ, जहाँ कानूनी रूप से अधिकृत हो)।
- CTB या अन्यों के स्वामित्व वाली सूचना का दुरुपयोग, प्रकटीकरण या वितरण।
- सुरक्षा कार्यविधियों और उपकरण का प्रयोग करने में असफलता।
- अन्य लोगों का उत्पीड़न और/या उनके प्रति हिंसा।
- अमेरिका (यू.एस.), राज्य या स्थानीय स्तर के लागू कानून के तहत संरक्षित किसी वर्ग के किसी सदस्य के प्रति भेदभाव।
- CTB संसाधनों का दुरुपयोग या कुप्रयोग।
- हितों का टकराव।
- एकाधिकार-विरोधी (एंटीट्रस्ट), प्रतियोगिता और/या प्रतिभूतियों संबंधी कानूनों का अनुपालन न करना।
- बेईमानी, विशेषाधिकार प्राप्त सूचना का दुरुपयोग, तथ्यों का ग़लत प्रस्तुतीकरण या कोई अन्य अनुचित कार्य।

सभी व्यक्तियों को हर समय ऐसे ढंग से व्यवहार करना चाहिए जो CTB की नीतियों और मूल्यों की भावना और उद्देश्य को प्रतिबिंबित करें।

## ग़ैर-कानूनी और अनैतिक व्यवहार के उदाहरण

- कोई व्यक्ति अनुचित व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति को पैसा (या कोई अन्य लाभ) देता है।
- कोई व्यक्ति किसी अनुपयुक्त वेबसाइट को देखने के लिए CTB नेटवर्क का प्रयोग करता है।
- कोई व्यक्ति CTB की टाइम शीट पर अपने किए गए कार्य के घंटों को बढ़ाकर बताता है।
- कोई व्यक्ति ऐसा मज़ाक करता है और/या ऐसी टिप्पणी करता है जो उसकी कामुक तथा/अथवा जातिगत प्रकृति के कारण अन्यों के लिए अपमानजनक है।
- कोई व्यक्ति CTB लॉक-आउट/टैग-आउट कार्यविधियों का अनुसरण नहीं करता।
- कोई व्यक्ति CTB उत्पादों को किसी देश में अमेरिका (यू.एस.) के प्रतिबंध कानूनों की अवहेलना करके बेचता है।
- कोई व्यक्ति ऐसे आइटमों के लिए CTB व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करता है जिसे उसने कभी नहीं ख़रीदा।
- कोई व्यक्ति CTB कार्यालय के लिए की गई आपूर्तियों को अपने व्यक्तिगत प्रयोग के लिए घर ले जाता है।
- कोई व्यक्ति CTB की ओर से किसी ऐसे व्यावसायिक लेनदेन में भाग लेता है, जिसमें व्यक्ति के पारिवारिक संबंध तथा/अथवा CTB के बाहर की गतिविधियाँ अनौचित्य का आभास पैदा करती हैं।
- कोई व्यक्ति ऐसे कार्यों से संबद्ध होता है और/या मौखिक रूप से ऐसी बातें कहता है जो तर्कसंगत ढंग से किसी व्यक्ति को स्वयं को धमकाया गया, नीचा दिखाया गया, अनुभव कराती हैं तथा/अथवा प्रतिकूल कार्य वातावरण निर्मित करती हैं।